# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

**(दशम् सत्र)**

**लिखित उत्तर हेतु प्रश्न**

## वीरवार, 3 दिसम्बर, 2015/12 अग्रहायण, 1937 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मंत्री - उद्योग मंत्री - शहरी विकास मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री तथा सहकारिता मंत्री ].**

**कुल प्रश्न - 14**

----

**सड़क निर्माण**

1095 **श्री हंस राज(चुराह) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत निम्न सडकों के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या हैः-

(i) पुखरी वाया हमल से टिकरी-शक्तिदेहरा सड़क;

(ii)क्याणी सड़क;

(iii) कैंथली से दुधली सड़क;

(iv)नक्रोड़ से थल्ली पंचायत सड़क;

(v)थल्ली पंचायत से गांव छच्जोट;

(vi)चारड़ा गांव से गांव ज्यूरी, महुआ, प्रभा,जियोना, उठलोग हेतु सडक;

(vii)गुवाड़ी पंचायत से गांव छुलाना पुग्थ्ला, भडोगा, उतेई हेतु सडक; और

(viii)शिरी सेंठा सड़क?

----

## मन्दिरों को सरकारी नियन्त्रण में लेना

1096 **श्री हंस राज (चुराह)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क)वर्तमान में सरकार का प्रदेश में कितने मंदिरों पर नियन्त्रण है और कितने नये मन्दिरों को अधिग्रहण करने जा रही है; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार क्या चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत देवीकोठी , चान्जू तथा शक्तिदेहरा में चामुंडा माता मन्दिर को अपने नियन्त्रण में लेने पर विचार करेगी; यदि हां, तो कब तक?

----

## पंचायतों का सीमांकन

1097 **श्री हंस राज (चुराह)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि वर्ष 2015 में पंचायत चुनाव के दृष्टिगत पंचायतों का सीमांकन किया गया है; ब्यौरा विधान सभा चुनाव क्षेत्रवार दें; और

(ख) यदि हां, तो चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की 3 नई पंचायतों को तीसा ब्लॉक में जोड़ा गया जबकि दो पंचायतों को नहीं जोड़ा गया; ब्यौरा कारण सहित दें ?

----

## ठेकेदारों की धनराशि का भुगतान

1098 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)ः**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि वर्तमान में वन निगम के विभिन्न ठेकेदारों को कटान के लिए दिए गए lots की payment नहीं की गई है; ब्यौरा दें;

(ख) प्रदेश के विभिन्न ठेकेदारों को देय धनराशि के भुगतान की सूची जिलावार नाम व पते सहित दें; और

(ग) इस धनराशि का भुगतान कब तक कर दिया जाएगा?

----

## टिप्परों की आवाजाही

1099 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि कुल्लू जिला में विशेषकर पारला भुन्तर बाजार में रेत और बजरी के टिप्परों के कारण प्रातः और सायंकाल ट्रैफिक जाम के कारण भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार प्रशासन को निर्देश जारी करेगी कि इस समस्या का समाधान शीघ्र किया जाए ?

----

## रिटेन्शन पॉलिसी

1100 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)ः**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार ने अवैघ निर्माण को नियमित करने हेतु रिटेन्शन पॉलिसी को अन्तिम रूप दे दिया है; यदि हां, तो कब, यदि नहीं, तो कारण?

----

## राजकीय महाविद्यालय संगड़ाह

1101 **डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) राजकीय डिग्री कॉलेज संगड़ाह के भवन के निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है;

(ख) इस भवन के निर्माण का प्रारूप कितनी धनराशि का स्वीकृत हुआ; कितनी धनराशि दिनांक 7.11.2015 तक व्यय हो चुकी है तथा कितनी और व्यय होनी है; ब्यौरा दें; और

(ग) निर्माण प्रारूप के समय की स्वीकृत धनराशि व कुल व्यय की गई राशि में अंतर का ब्यौरा कारणों सहित दें?

----

## डीजल की खरीद

1102 **डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन)ः**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में हिमाचल पथ परिवहन निगम (HRTC) द्वारा जिला सिरमौर की बसों के लिए कितने डीजल की खरीद की गयी; ब्यौरा डीजल खरीद का वर्ष एवं पैट्रोल पम्पवार दें;

(ख) निगम द्वारा डीजल की खरीद से पूर्व कोई टैंडर किये गए थे या नहीं; यदि किए थे तो उसकी प्रति सदन के पटल पर रखें; और

(ग) बसों में क्या डीजल पम्प पर जाकर भरा गया या पैट्रोल पम्प वालों ने वर्कशाप में उपलब्ध करवाया; ब्यौरा दें?

----

## पदपूर्ति

1103 **डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **सहकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में जिला सिरमौर में आयुर्वेद विभाग के अन्तर्गत विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं और कितने रिक्त हैं; ब्यौरा आयुर्वैदिक स्वास्थ्य केन्द्र व अस्पतालवार दें; और

(ख) यह रिक्त पद कितने-कितने समय से रिक्त हैं और सरकार इनको कब तक भरने का विचार रखती है ?

----

## सड़कों की डी0पी0आर0

1104 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत SCP के तहत कितनी सड़कें शामिल की गई हैं; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) इस अवधि में कितनी सड़कों की DPR बन कर तैयार हुई तथा इन सड़कों की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## पुल निर्माण

1105 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत डॉल-ब्रिज स्यांज को कब विधायक प्राथमिकता में डाला गया और इसके निर्माण हेतु कितने बजट का प्रावधान किया गया; और

(ख) इस पुल के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## बस सेवा

1106 **श्री विनोद कुमार (नाचन)**ः

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि बन्जार से हरिद्वार वाया चैल-चौक बस को बन्द कर दिया गया है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इस बस को पुनः वाया चैल-चौक चलाने पर विचार करेगी; यदि नहीं, तो कारण ?

----

## New Machinery for Lahaul & Spiti

1107 **Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that District Lahaul & Spiti has very old machinery & equipments in Public Works Department; and

(b) if yes, does the Department propose to give new dozers, JCB's & other machinery?

----

## एफ0सी0ए0 के अन्तर्गत स्वीकृति

1108 **श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति)**ः

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि एक हैक्टेयर (Hect.) तक की Forest क्लीयरेन्स (Clearance) की स्वीकृति के मामले प्रदेश सरकार के अधिकार क्षेत्र में आते हैं; यदि हां, तो अधिसूचना की प्रतिलिपि सदन के पटल पर रखें; और

(ख) दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 7 नवम्बर, 2015 तक किन-किन विभागों की कौन-कौन सी योजनाओं की Forest Clearance के मामले इस अधिसूचना के अनुसार स्वीकृत हुए और कौन-कौन सी योजनाएं प्रदेश सरकार के पास लम्बित पड़ी हैं; ब्यौरा विभाग का योजनावार दें?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांकः 21 नवम्बर, 2015.** **सचिव।**